भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.12.2022 के

अतारांकित प्रश्न सं. 144 का उत्तर

यात्री टिकट सुविधा केन्द्र

144. श्री एन. रेड्डप्प:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में स्थापित किए गए यात्री टिकट सुविधा केंद्रों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) इस संबंध में प्रदान की गई सुविधाएं और उनका प्रभाव क्या है; और

(ग) यात्रियों के कल्याण को और अधिक सुगम बनाने के लिए किए जाने वाले प्रस्तावित उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

यात्री टिकट सुविधा केन्द्र के संबंध में दिनांक 07.12.2022 को लोक सभा में श्री एन. रेड्डप्प के अतारांकित प्रश्न सं. 144 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): वर्तमान में, भारतीय रेलवे पर लगभग 374 यात्री टिकट सुविधा केंद्र (वाईटीएसके) संचालित हैं। राज्य/संघ क्षेत्र-वार आंकड़े नहीं रखे जाते हैं। तथापि, जोन-वार आंकड़े संलग्न हैं।

(ख) और (ग): आरक्षित/अनारक्षित टिकटों की खरीद में यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से, भारतीय रेल द्वारा विभिन्न प्रकार के अधिकृत टिकट एजेंटों को लगाया जाता है। वाईटीएसके कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) सह-यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) टर्मिनलों के माध्यम से आरक्षित और अनारक्षित टिकट जारी करने के लिए अधिकृत टिकट एजेंट हैं। वाईटीएसके रेलवे परिसरों के बाहर स्थित हैं जो आम जनता को उनके घर पर टिकट जारी करने की सुविधा प्रदान करते हैं। वित्त वर्ष 2020-21, 2021-22 और 2022-23 (अक्टूबर 2022 तक) के दौरान वाईटीएसके द्वारा लगभग 1.095 करोड़ टिकट बुक किए गए थे। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा उठाए गए अन्य कदमों में स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) का प्रावधान, आरक्षित और अनारक्षित टिकटों को ऑनलाइन और कम्प्यूटरीकृत पीआरएस और यूटीएस काउंटरों पर बुक करने की सुविधा, समाज के विभिन्न वर्गों से संबंधित यात्रियों की आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न श्रेणियों की गाड़ियों का प्रावधान, अन्य सुविधाओं जैसे:- प्रतीक्षालय, खानपान स्टॉल, पैदल पार पुल, ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम), रेलवे स्टेशनों पर पार्किंग सुविधा आदि का प्रावधान शामिल है। भारतीय रेल पर यात्री कल्याण को सुविधाजनक बनाने के लिए विभिन्न उपाय करना सतत् प्रक्रिया है।

******

यात्री टिकट सुविधा केन्द्र के संबंध में दिनांक 07.12.2022 को लोक सभा में श्री एन. रेड़डप्प के अतारांकित प्रश्न सं. 144 के भाग (क) के उत्तर से संबंधित परिशिष्ट।

क्षेत्रीय रेल पर यात्री टिकट सुविधा केंद्रों की संख्या		
क्र. सं.	**क्षेत्रीय रेलवे का नाम**	**वाईटीएसके की संख्या**
1.	मध्य	57
2.	पूर्व	6
3.	पूर्व मध्य	17
4.	पूर्व तट	16
5.	उत्तर	105
6.	उत्तर मध्य	1
7.	पूर्वोत्तर	27
8.	पूर्वोत्तर सीमा	3
9.	उत्तर पश्चिम	4
10.	दक्षिण	6
11.	दक्षिण मध्य	18
12.	दक्षिण पूर्व	8
13.	दक्षिण पूर्व मध्य	14
14.	दक्षिण पश्चिम	17
15.	पश्चिम	70
16.	पश्चिम मध्य	5
	कुल	374

*****